Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B^+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

IQAC

One Day National Seminar on Protection of Intellectual Property Rights

Date: 13.08.2022

सत्ता का जन्म शिक्षा की नली से होता है, यही आज का सत्य है। अगले 25 सालों बाद भारत के दिशा-निर्देशक नायक हमारे युवा होंगे , इसलिए अपनी बौद्धिक सम्पदा का संरक्षण करते हुए राष्ट्रीय विकास में अपना योगदान देना चाहिए।

ये कहना है बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजवर्द्धन आजाद का। वे श्री अरविन्द महिला कॉलेज मे एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। कॉलेज के आई.क्यू.ए.सी. द्वारा आयोजित संगोष्ठी का विषय था-बौद्धिक संपदा के अधिकरों का संरक्षण। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रो. पूनम ने की , जबकि संचालन संयोजक डॉ. शिवनारायण ने किया।

डॉ. आजाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे युवा अपनी बैद्धिकता के उत्सर्जन में सकारात्मक एवं रचनात्मक चिंतन को व्यक्त करते हुए अपनी मेघा और चेतना का लाभ समाज को दें।

पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्र्रो. रासबिहारी सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि व्यक्ति में ज्ञान का ब्रह्मांड होता है, जिसकी चोरी न हो, यह देखना देश और समाज का काम है। उन्होंने कहा कि नई सदी में युवा वर्ग देश दुनिया का नेतृत्व कर सकता है , जो अपनी बौद्धिक सम्पदा के अधिकारों का संरक्षण करते हुए मानवता के विकास में अपना योगदान देगा।

अपने अध्यक्षीय भाषण में कॉलेज की प्राचार्या प्रो. पूनम ने कहा कि बुद्धि और ज्ञान ही वास्तविक गहना है , जिससे हमारे व्यक्तित्व का चतुर्दिक विकास हो सकता है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर बौद्धिक सम्पदा के महत्व को समझा जाना है।

आंरभ में विषय प्रवेश करते हुए प्रो. शिवनारायण ने कहा कि व्यक्तियों को उनके बौद्धिक सृजन के परिप्रेक्ष्य में प्रदान किए जाने वाले अधिकार ही बौद्धिक संपदा अधिकार कहलाते हैं। बौद्धिक संपदा यानी रचना , शोध और आविष्कार का क्षेत्र है , जिसका नैतिक और वाणिज्यिक चेतना से मूल्यवान बौद्धिक सृजन होता है। नैक की संयोजक डॉ. प्रेम कुमारी के धन्यवाद ज्ञापन से राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन संत्र संपन्न हुआ

जयन्ती सह राष्ट्रीय संगोष्ठी
डॉ. वी.वी. गिरि जयन्ती-सह-सम्मान

प्रो० (डॉ०) पूनम

जयन्ती सह राष्ट्रीय संगोष्ठी
डॉ. वी.वी. गिरि जयन्ती-सह-सम्मान

प्रो० (डॉ०) पूनम

जयन्ती-सह-सम्मान समारोह
डॉ. वी.वी. गिरि जयन्ती-सह-सम्मान समारोह

डॉ० राजवर्धन आजाद

डॉ० राजवर्धन आजाद